
## अंधेरी पैदल पुल बंद

**मुंबई।** अंधेरी स्थित एमसीजीएम पैदल ऊपरी पुल मरम्मत कार्य के लिए 20 अक्टूबर तक बंद रहेगा। इस अवधि में वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर अंधेरी स्थित रेलवे पैदल ऊपरी पुल का उपयोग किया जा सकता है।

हमारा महानगर
मुंबई, बुधवार 26 सितंबर 2012

# कोयले में पूर्व सीएम के हाथ भी काले



### किरीट सोमैया का आरोप

महानगर संवाददाता

मुंबई

**पूर्व** मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण के कार्यकाल में सर्वाधिक कोयला खदानों का आवंटन हुआ। कोयला घोटाला में इनका भी हाथ काला हुआ है। यह आरोप भाजपा के राष्ट्रीय सचिव किरीट सोमैया ने पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान लगाया। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण के कार्यकाल में कोयला खदानों के आवंटित ठेके पर आधारित दस्तावेज भी पत्रकारों के समक्ष पेश किए। किरीट ने कहा कि अशोक चव्हाण के हाथ भी कोयले के रंग में काला है। उन्होंने नियमों की अनदेखी करते हुए कई खदाना आवंटित करवाए हैं। इसमें राजनीतिक परिवार से विजय दर्डा और राज्य के मंत्री राजेंद्र दर्डा की कंपनी भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्रियों की सह पर राज्य सरकार के तत्कालीन मुख्यमंत्री ने हजारों करोड़ रुपए का गड़बड़ घोटाला किया है। मात्र निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने के लिए चव्हाण ने खदान के आवंटन करवाए हैं। इस बाबत सीबीआई को भी दस्तावेज उपलब्ध कराया गया है।

## शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामले में छात्र बरी

**मुंबई।** बांद्रा मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट ने भारतीय मूल के एक अमेरिकी छात्र को शराब पीकर गाड़ी चलाने के एक मामले में बरी कर दिया। पिछले साल 30 दिसंबर को शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामले में विराल गोराडिया की फैशन डिजाइनर महिला मित्र की मौत हो गई थी और उसे गिरफ्तार किया गया था। खेरवाड़ी पुलिस ने बताया कि अपनी मित्र धवानी चेडा के साथ सफर कर रहे आरोपी गोराडिया ने बांद्रा के खेरवाड़ी में अपनी कार डिवाइडर पर चढ़ा दी थी, जिसके बाद महिला की मौत हो गई जबकि वह बुरी तरह घायल हो गया। मजिस्ट्रेट ने पाया कि अभियोजन आरोपी के खिलाफ दोष सिद्ध नहीं कर पाया और इसलिए उसे बरी कर दिया गया।

# 70 प्रतिशत मुंबईकर हृदयरोगी

महानगर संवाददाता

मुंबई

**मायानगरी** मुंबई में जहां 70 प्रतिशत मुंबईकर हृदयरोग के शिकार है, वहीं हर दिन लगभग 35 लोगों हार्ट अटैक के शिकार होते हैं। यह खुलासा सफोला लाइफ लाइन के सर्वेक्षण में हुआ है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि भागदौड़ की नगरी मुंबई में जहां अत्याधिक काम का बोझ लेकर व्यस्तता के चलते अधिकांशत: लोग समय पर भोजन नहीं कर विलंब से वड़ापाव, चायनीज, पाव-भाजी जैसी तैलीय व्यंजन खाते हैं। यह भोजन पौष्टिक आहार से युक्त नहीं होते हैं। वहीं इन आहारों की जगह फलों की खाने से भी मुंबईकर बचते हैं। दिन में भी समय का ध्यान नहीं रखकर, कभी भी पकौड़े, वड़ा-पाव खाने वाले 51 प्रतिशत मुंबईकरों को ताजी साब्जियां और धनियां, मेथी आदि नहीं नसीब होती। चटपटे-तैलीय खाद्य पदार्थों के खाने से मुंबई शहरी क्षेत्र के 70 प्रतिशत लोग हृदयरोग से पीड़ित हैं। सफोला लाइफ लाइन की तरफ से 12 शहरों में किए गए सर्वेक्षण में 30 से 99 वर्ष के एक लाख 12 हजार पुरुषों के आहार में तेल का उपयोग किए जाने के कारण उनमें हृदय रोग की समस्या पाई गई। जहां वर्ष 1999 में हृदयरोग के 11 लाख 75 हजार रोगी पाए। वहीं अब यह संख्या बढ़ने के साथ-साथ कम उम्र के लोगों में भी हृदयरोग के विकार पाए जा रहे हैं। प्रमुख रूप से 35 से 40 वर्ष के युवाओं में भी यह विकार बड़े पैमाने पर पाया जा रहा है। हृदय रोग विशेषज्ञ अक्षय मेहता ने हृदयरोगियों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताते हुए आहार पर विशेष ध्यान देने की बात कही है। हृदय रोगियों में 57 प्रतिशत महिलाएं भी है।

**हर दिन 35 लोगों को आता है हार्ट अटैक**

**कम उम्र के लोगों को भी हो रहा है हृदयरोग**

## सात दिन के गणेशजी भी हुए विदा

महानगर संवाददाता

मुंबई

**डेढ़** और पांच दिनों की गणपति के बाद मंगलवार को सात दिन की गणपति भगवान की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। गणपति बाप्पा मोरया, पुढच्या वर्षी लवकर या के जयघोष के साथ मुंबई और उपनगर के पास के समुद्रों और तालाबों में गणेशजी की प्रतिमा का विसर्जन किया गया।



मुंबई के कुल 72 समुद्री किनारों और 24 कृत्रिम तालाबों में मंगलवार को खबर लिखे जाने तक गणेशजी की कुल 1476 मूर्तियां विसर्जित की जा चुकी थी, जिसमें से 1325 मूर्तियां घरगुति और 64 सार्वजनिक थी। जबकि 84 गणेश मूर्तियों का विसर्जन मनपा द्वारा बनाए गए कृत्रिम तालाबों में किया गया।

## कुंभ जाने से जीवन में परिवर्तन: स्वामी आनंदगिरी

महानगर संवाददाता

मुंबई

**श्री** 108 महंत नरेंद्र गिरीजी महाराज के परम शिष्य स्वामी आनंदगिरी के अनुसार माघ मास में कल्पवास का अनूठा महत्व होता है और महाकुंभ में स्नान के पुण्य से इंसान के जीवन में परिवर्तन की शुरुआत होती है। यह बातें युवा संत स्वामी आनंदगिरी ने अपने दो दिनों के मुंबई यात्रा के दौरान भक्तों से कही। उन्होंने कहा कि प्रयाग में पवित्र गंगा, जमुना और सरस्वती नदियों का संगम होता है। ऐसे में यहां पर महाकुंभ भी लग रहा है। इसलिए भक्तों को चाहिए की इस पवित्र अवसर का लाभ उठाए। इस वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या आठ करोड़ तक पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है। स्वामी आनंदगिरी ने हिंदुस्तान के अतिरिक्त कनाडा, इंग्लैंड, ओमान, थाइलैंड जैसे देशों में जाकर कुंभ मेले के महत्व को लोगों तक पहुंचाने का काम किया है। मकर संक्रांति के 14 जनवरी 2013 से शुरु होने वाला यह महाकुंभ पर्व 10 मार्च 2013 को महाशिवरात्रि को समाप्त होगा।



# रमा शाह ने बनाया विश्वकीर्तिमान

### बारह वर्षों में बनाए दो लाख बारह हजार गणेशजी की प्रतिमाएं

महानगर संवाददाता

मुंबई

**कला** में सुंदरता और कला के प्रति योगदान इसांन की आत्मा को सुंदर बनाता है, यह कहना है संगीत, आर्ट, नृत्य, क्रॉफ्ट आदि कलाओं में रुचि रखनेवाली रमाबेन शाह का। रमा सतिश शाह ने 12 सालों में स्वंय विघ्नहर्ता भगवान गणेशजी की दो लाख बारह हजार प्रतिमाएं बनाने का विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है। आंखों पर पट्टी बांधकर भगवान गणपति की प्रतिमा बनाते हुए देखकर लोग दांतो तले उंगली दबाने पर मजबूर हो जाते हैं। 19 वर्ष की आयु में विवाह हो जाने के बाद घर परिवार की जिम्मेदारियों को बखूबी निभाते हुए सामाजिक कार्यों में भी शुरू से ही रमा शाह की दिलचस्पी रही। जिसके चलते उन्हें एसईओ का पदभार भी दिया गया। इसके साथ ही सामाजिक कार्यों के प्रति बढ़ते रुझान के कारण वे जल्द ही 30 से अधिक संस्थाओं की सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में पहचानी जाने लगी। रमा शाह ने वर्ष 2000 से ही गणेशजी की प्रतिमाएं बनाने का काम शुरू किया और आज उन्होंने कुल दो लाख बारह हजार गणेशजी की विभिन्न रूपों की प्रतिमाएं तैयार कर ली हैं। उन्हें गणेशजी की प्रतिमा बनाने में ऐसी महारथ हासिल है कि वे बिना देखे आंखों पर पट्टी बांधकर आसानी से गणेशजी की प्रतिमाएं बना सकती है। कई कार्यक्रमों में वे अपने इस हुनर का प्रदर्शन भी कर चुकी हैं। गणेशजी की प्रतिमा बानने के लिए वे किसी भी प्रकार के सांचे का प्रयोग नहीं करती। सबसे खास बात यह की मूर्तियां बनाते वक्त रमा शाह नवकार मंत्र का स्मरण, संकटनाशन स्त्रोत, ओम गं गणपतये नम: वगैरे आदि मंत्रों का उच्चारण करती रहती हैं। उन्होंने प्रभादेवी स्थित सिद्धिविनायक मंदिर में निरंतर 12 घंटे गणेशजी की मूर्तियां बनाने के साथ ही 99 दिनों में 9999 मूर्तियां बनाने का भी कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्हें अपनी इस अभूतपूर्व कला के लिए अबतक वर्ल्ड रिकॉर्ड्स एकेडमी (दो बार), लिमका बुक आफ रिकॉर्ड (11 बार), इंडिया बुक आफ रिकॉर्ड (दो बार), बृहन्मुंबई गुजराती समाज द्वारा गिरनार अवार्ड, युनीक वर्ल्ड रिकार्ड, वर्ल्ड रिकॉर्ड्स इंडिया, रिप्लीज बिलीव इट नाट आदि अनेकों रिकॉर्ड्स और पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।






उत्तर भारतीय संघ युवा मोर्चा अध्यक्ष, समाजसेवी संजय सिंह के जन्मदिवस पर पुष्पगुच्छ के साथ शुभकामना देते हुए पवई, सारस्वत बैंक के अधिकारी संजय म्हाडलकर, तानाजी शिरके साथ में बीआईएस (ई) लि. के व्यंकटेश विट्ठल कुलकर्णी दूसरे चित्र में पुष्पगुच्छ के साथ शुभकामना देते हुए फ्रंटलाइन गार्ड्स प्रा. लि. के अधिकारी व संघ के कार्यकर्ता

## स्वास्थ्य सेविकाओं के मानधन में वृद्धि

**मुंबई।** झोपड़पट्टियों में घर-घर जाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच करने वाली स्वास्थ्य सेविकाओं का मानधन बढ़ाने का निर्णय मनपा प्रशासन ने लिया है। मनपा के इस निर्णय के फलस्वरूप अब सेविकाओं को चार हजार रुपए मानधन के रुप में दिया जाएगा। बता दें कि इससे पहले उन्हें सिर्फ 2500 रुपए प्राप्त होते थे। मुंबई महानगर पालिका परिवार कल्याण और महिला बाल विकास कल्याण विभाग में कुल 3400 स्वास्थ्य सेविकाएं कार्यरत हैं। ये स्वास्थ्य सेविकाएं लोगों के स्वास्थ्य की जानकारी इकट्ठा करती हैं जिसके तर्ज पर मनपा प्रशासन लोगों के लिए विभिन्न बीमारियों से लड़ने के लिए आवश्यक दवाईयां और टीका इजात कर उपलब्ध करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीकृष्णलीला महोत्सव का आयोजन

**मुंबई।** श्री ब्रजमंडल मुंबई की ओर से लघु ब्रज, गिरगांव चौपाटी पर 27 अक्टूबर से चार नवंबर तक श्री कृष्णलीला महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। वृंदावन निवासी रसाचार्य स्वामी देवकीनंदन शर्मा के मार्गदर्शन में भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं की प्रस्तुति होगी। श्री ब्रज मंडल के ट्रस्टी एवं श्री कृष्ण लीला महोत्सव के संयोजक कानबिहारी अग्रवाल ने बताया कि महोत्सव में भगवान श्री कृष्ण की भाव एवं भक्तिमय रस से भरी लीलाओं की अनुपम झाकियों के दर्शन होंगे। महोत्सव में श्रीधाम, वृंदावन की झलक देखने को मिलेगी। श्री ब्रजमंडल के अध्यक्ष सुरेशचंद्र अग्रवाल, मानद मंत्री ब्रजकिशोर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अनिल आर अग्रवाल तथा अध्यक्ष रामप्रकाश मित्तल सहित सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता श्री कृष्णलीला महोत्सव को सफल बनाने को प्रयासरत हैं।

### अग्रसेन जयंती महोत्सव का आयोजन

**मुंबई।** अग्रबंधु सेवा समिति, मुंबई की बैठक संस्था कार्यालय में अध्यक्ष किशनचंद गुप्ता के नेतृत्व तथा ट्रस्टी लक्ष्मीनारायण अग्रवाल के सानिध्य में संपन्न हुई। बैठक में 20 अक्टूबर को महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। टस्टी कानबिहारी अग्रवाल तथा मानद मंत्री उदेश अग्रवाल ने बताया कि आगामी 20 अक्टूबर को मलाड (पूर्व) से शोभा यात्रा दोपहर बाद तीन बजे से निकाली जाएगी। जिसमें 18 रथों पर भव्य झाकियों का समावेश होगा। इसके अलावा शोभायात्रा में बैंडबाजों के साथ अग्रसेन महाराज एवं कुलदेवी माता महालक्ष्मी की सवारी निकलेगी। बैठक में गोपालदास गोयल, जगदीश खेमचंद गुप्ता आदि उपस्थित थे। महोत्सव में युवाओं को प्रेरित करने के लिए कवि युगराज जैन द्वारा निर्मित फिल्म 'अब तो संभल जा' बड़े पर्दे पर शाम छह बजे से दिखाई जाएगी।

### मोटरमैन नहीं कर सकेंगे आंदोलन!

**मुंबई।** बांबे हाईकोर्ट ने टेरीटोरियल आर्मी से जुड़े लोगों को वार्षिक प्रशिक्षण देने का आदेश दिया है, जिसके चलते तकरीबन 70 कर्मचारियों के किसी भी प्रकार के हड़ताल पर जाने की संभावना पर विराम चिह्न लग गया। पश्चिम रेलवे के यह 70 मोटरमैन टेरिटोरियल आर्मी के साथ जुड़ेंगे। परे के रेलवे मजदूर संघ के एक अधिकारी ने बताया कि कोर्ट के इस फैसले से बार-बार आंदोलन की धमकी देनेवाले मोटरमैनों की बोलती बंद हो गई है। बता दें कि इससे पहले निरीक्षकों, लोको पायलट और टावर वेगन चालक सहित तकरीबन 140 लोगों को लोकल चलाने की तालीम दी गई थी। अब उसमें 70 अन्य लोगों का समावेश हो जाने से परे के पास कुल 210 मोटर चालक हो जाएंगे।



हिंदी दिवस के अवसर पर सीताराम पोद्दार बालिका विद्यालय के पित्ती सभागार में छात्राओं द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष श्रीकांत डालमिया, उपाध्यक्ष और विद्यालय समिति के संयोजक अड. सुशील व्यास, मारवाड़ी सम्मेलन के पदाधिकारी प्रवीण अग्रवालस विद्यालय की प्रधानाचार्या मीनाक्षी देशपांडे, निरीक्षिका मनीषा रंधावा सहित बच्चो और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### तीखे तीर



भज्जी का आना हुआ बहुत दिनों के बाद
उनका आना बन गया मीठी-मीठी याद
मीठी-मीठी याद चार को मारा डंडा
नब्बे रन से जीत देश का गाड़ा झंडा
कहें 'कपिल' कविराय उड़ी गोरों की धज्जी
मैन ऑफ दी मैच बन गए देखो भज्जी



लोअर परेल, एमएम कॉलोनी में सार्वजनिक मंडल द्वारा स्थापित गणेश प्रतिमा। मंडल अध्यक्ष अरविंद सावंत हैं



कालबादेवी में स्थापित कालबादेवी का राजा



सांताक्रुज पूर्व नवा आग्रीपाडा सार्वजनिक गणेश मंडल की प्रतिमा



'हमारा महानगर' के रबाले प्रेस में स्थापित प्रथमेश की प्रतिमा का मंगलवार को धूमधाम से विसर्जन किया गया



सांताक्रुज पूर्व ओम साई मित्र मंडल, खांडवाला चाल, धोबीवाड़ी वकोला में स्थापित गणेश प्रतिमा। सात दिनों तक यहां डीजे तथा अंतिम दिन भजन-कीर्तन का कार्यक्रम रखा गया था। यहां मुकेश शर्मा, विवेक शिराली, महेश कानेकर, अक्षय, रोहित और अन्य बाल कलाकारों द्वारा यह आयोजन किया गया



गोरेगांव पूर्व साईधाम सोसाइटी, बंगाली कपाउंड में स्थापित प्रतिमा